अनुबंध

बाह्य वाणिज्यिक उधार नीति - पुनरीक्षित फ्रेमवर्क
{देखें 30 नवंबर 2015 का ए.पी.(डीआईआर सीरीज) परिपत्र सं.32}

ए. बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) के प्रकार

बाह्य वाणिज्यिक उधार वे उधार हैं जो अनुमत निवासी कंपनियों (एंटिटीज) द्वारा मान्यताप्राप्त अनिवासी कंपनियों (एंटिटीज) से लिए जाते हैं। बाह्य वाणिज्यिक उधार फ्रेमवर्क के अंतर्गत लिए लिए गए उधार निम्नलिखित स्वरूप के हो सकते हैं:

i. बैंक ऋण ;
ii. प्रतिभूतिकृत (सिक्युरिटाइज्ड) लिखत (अर्थात फ्लोटिंग रेट नोट्स और फिक्स्ड रेट बांड्स, अपरिवर्तनीय, विकल्पत: परिवर्तनीय अथवा अंशत: अधिमानी शेयर/डिबेंचर) ;
iii. क्रेता से ऋण;
iv. विक्रेता से ऋण;
v. विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड (FCCBs) ;
vi. वित्तीय लीज़ (फाइनेंशियल लीज़); और
vii. विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (FCEBs)

जबकि पहले 6 (छह) प्रकार के ऋण स्वचालित एवं अनुमोदन दोनों मार्गों के अंतर्गत लिए जा सकते हैं, वहीं विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (FCEBs) केवल अनुमोदन मार्ग के अंतर्गत जारी किए जा सकते हैं।

बी. बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) फ्रेमवर्क में प्रयुक्त पारिभाषिक शब्द

i. समग्र लागत (All-in-cost)

समग्र लागत में ब्याज दर, अन्य शुल्क (फीस), व्यय, प्रभार, गारंटी शुल्क 'चाहे विदेशी मुद्रा में अदा किया गया हो अथवा भारतीय रुपए में' शामिल हैं, किन्तु प्रतिबद्धता शुल्क(फीस), नियत अवधि से पूर्व भुगतान करने पर फीस / प्रभार, भारतीय रुपए में रोक रखे गए (withholding) कर शामिल नहीं होंगे। नियत दर ऋण (fixed rate loan) के मामले में, स्वाप लागत + कीमत-लागत अंतर (spread) को फ्लोटिंग रेट + लागू स्प्रेड के बराबर होना चाहिए।

ii. नामित प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक

इन दिशानिर्देशों के अंतर्गत, उपर्युक्त से बाह्य वाणिज्यिक उधारकर्ता द्वारा ऋण पंजीकरण संख्या (एलआरएन) प्राप्त करने सहित रिपोर्टिंग अपेक्षाओं को पूरा करने, प्रत्यायोजित अधिकारों के प्रयोग और बाह्य वाणिज्यिक उधार लेनदेनों की निगरानी हेतु प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक की नामित की गई शाखा अभिहित है।

iii. **विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड** (FCCBs) **और विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (FCEBs)**:

विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड, विदेशी मुद्रा में मूल्यवर्गीकृत लिखत हैं जो, समय-समय पर यथा संशोधित, विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड और सामान्य शेयर निर्गम (जमा रसीद व्यवस्था के माध्यम से) योजना, 1993 के अनुसार जारी किए जाने चाहिए। विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी) निर्गम योजना, 2008 के अनुसार जारी किए जाने चाहिए। इन बांडों की मूल राशि तथा उन पर देय ब्याज, दोनों ही, विदेशी मुद्रा में देय होते हैं एवं इन्हें कर्ज लिखतों के अनुलग्नक वारंटों से संबंधित किसी ईक्विटी के आधार पर, जारीकर्ता कंपनी अथवा प्रस्तावित (आफर्ड) कंपनी, जैसा भी मामला हो, के पूर्णत: अथवा आंशिक रूप से, किसी भी रूप में, परिवर्तनीय सामान्य शेयरों के रूप में जारी किया जा सकता है। भारतीय कंपनी जिसे भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा प्रतिभूति बाजार तक पहुंचने से रोका गया हो, ऐसी कंपनी सहित भारतीय प्रतिभूति बाजार से निधियां लेने के लिए अपात्र भारतीय कंपनी विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड/विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड जारी करने के लिए पात्र नहीं होगी। नीचे दिए गए विभिन्न उपबंधों के अलावा, विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड एवं विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड, समय-समय पर यथा संशोधित, 7 जुलाई 2004 की अधिसूचना सं. फेमा.120/आरबी-2004 द्वारा अधिसूचित विदेशी मुद्रा प्रबंध (किसी विदेशी प्रतिभूति का अंतरण अथवा निर्गम) विनियमावली, 2004 के यथा लागू विनियमों के अनुरूप भी होने चाहिए।

iv. **विदेशी ईक्वटी धारक (होल्डर)**

बाह्य वाणिज्यिक उधार(ईसीबी) के प्रयोजन के लिए विदेशी ईक्वटी होल्डर शब्दावली का तात्पर्य: (ए) उधारदाता द्वारा उधार लेने वाली एंटिटी में न्यूनतम 25% प्रत्यक्ष विदेशी ईक्विटी धारण करने वाले धारक से, (बी) न्यूनतम 51% अप्रत्यक्ष ईक्विटी धारण करने वाले अप्रत्यक्ष ईक्विटी धारक से, और (सी) एक ही ओवरसीज मूल कंपनी(common overseas parent) वाली ग्रुप कंपनी से है।

v. **इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र**

बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) लेने के प्रयोजन के लिए भारत सरकार द्वारा अनुमोदित इंफ्रास्ट्रक्चर उप-क्षेत्रों की मास्टर समन्वित सूची पर विचार किया जाएगा जो 27 मार्च 2012 की यथा संशोधित/अद्यतनीकृत अधिसूचना सं. एफ. 13/06/2009-आईएनएफ में दी गई है।

सी. बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) लेने के लिए मानक (पैरामीटर्स)

1. न्यूनतम औसत परिपक्वता अवधि (MAM)

ईसीबी लेने के तीनों मार्गों (tracks) के लिए न्यूनतम औसत परिपक्वता अवधि निम्नवत निर्धारित की गई है:

ट्रैक (Track) I	ट्रैक (Track) II	ट्रैक (Track) III
i. 50 मिलियन अमरीकी डालर अथवा उसकी समतुल्य राशि तक बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) के लिए 3 वर्ष। ii. 50 मिलियन अमरीकी डालर से अधिक अथवा उसकी समतुल्य राशि तक बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) के लिए 5 वर्ष।	10 वर्ष, भले ही राशि कितनी भी क्यों न हो।	जैसाकि ट्रैक-I में उल्लिखित है।

2. पात्र उधारकर्ता (eligible borrowers)

निम्नलिखित तालिका में उन एंटिटीज़ की सूची दी गई है जो उल्लिखित ट्रैक्स के अंतर्गत बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) लेने के लिए पात्र हैं।

ट्रैक (Track) I	ट्रैक (Track) II	ट्रैक (Track) III
i. विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग), एवं साफ्टवेयर विकास क्षेत्र में संलग्न कंपनियां। ii. नौवहन(शिपिंग) एवं एयरलाइन कंपनियां। iii. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) iv. विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) की इकाइयां। v. भारतीय निर्यात-आयात बैंक (EXIM Bank) (केवल अनुमोदन मार्ग के अंतर्गत)।	i. ट्रैक-I के अंतर्गत सूचीबद्ध सभी एंटिटीज़। ii. इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र की कंपनियां। iii. होल्डिंग कंपनियां। iv. कोर (Core) निवेश कंपनियां। v. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) के विनियामक फ्रेमवर्क के अंतर्गत आने वाले रियल इस्टेट निवेश ट्रस्ट (REITs) एवं इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश ट्रस्ट (INVITs) ।	i. ट्रैक-II के अंतर्गत सूचीबद्ध सभी एंटिटीज़। ii. सभी गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (NBFCs)। iii.एनबीएफसी-माइक्रो फाइनेंस संस्थाएं (NBFCs-MFIs), लाभ न लेने वाली कंपनियों के रूप में कंपनी अधिनियम, 1956/2013 के अंतर्गत पंजीकृत कंपनियां, समितियां, ट्रस्ट और सहकारी संस्थाएं (क्रमश: समिति (सोसाइटी) पंजीकरण अधिनियम, 1860, भारतीय न्यास

		(ट्रस्ट) अधिनियम, 1882 एवं राज्य स्तरीय सहकारिता अधिनियमों/ बहु-स्तरीय सहकारिता अधिनियम / राज्य स्तरीय परस्पर सहयोगी सहकारिता अधिनियम), गैर सरकारी संगठन (NGOs) जो माइक्रो फाइनेंस गतिविधियों[1] में संलग्न हैं। iv.विविध सेवाओं में संलग्न कंपनियां यथा अनुसंधान एवं विकास, प्रशिक्षण (शैक्षिक संस्थाओं से भिन्न), इंफ्रास्ट्रक्चर को सपोर्ट करने वाली कंपनियां, लाजिस्टिक सेवाएं देने वाली कंपनियां। v.विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ)/ राष्ट्रीय विनिर्माण एवं निवेश क्षेत्र (NMIZs) के डेवलपर्स।

नोट्स:

1. *माइक्रो फाइनेंस गतिविधियों में संलग्न एंटिटीज़ बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) लेने के लिए पात्र होंगी, यदि: (i) भारत में किसी प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक के साथ (विगत) न्यूनतम तीन वर्षों के उनके संतोषजनक उधारी संबंध हों, और (ii) 'सही और उचित होने' संबंधी मानकों के बारे में प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक से उन्हें 'समुचित सावधानी' प्रमाणपत्र प्राप्त हो।*

3. मान्यताप्राप्त उधारदाता/निवेशक

तीनों ट्रैक्स के लिए मान्यताप्राप्त उधारदाताओं/निवेशकों की सूची नीचे दी गई है:

ट्रैक (Track) I	ट्रैक (Track) II	ट्रैक (Track) III
i. अंतर-राष्ट्रीय बैंक। ii.अंतर-राष्ट्रीय पूंजी बाजार।	ट्रैक-I के अंतर्गत सूचीबद्ध सभी एंटिटीज़ किन्तु भारतीय बैंकों की	ट्रैक-I के अंतर्गत सूचीबद्ध सभी एंटिटीज़ किन्तु भारतीय बैंकों की समुद्रपारीय शाखाओं/

iii.बहुपक्षीय वित्तीय संस्थाएं (जैसे, IFC, ADB, आदि)/ क्षेत्रीय वित्तीय संस्थाएं और (पूर्णतः अथवा अंशत) स्वामित्व वाली सरकारी वित्तीय संस्थाएं। iv.निर्यात ऋण एजेंसियां। v.उपकरणों के आपूर्तिकर्ता। vi.विदेशी ईक्विटी धारक। vii. समुद्रपारीय(overseas) दीर्घावधि निवेशक जैसे: ए.विवेकपूर्ण रीति से विनियमित वित्तीय एंटिटीज़; बी. पेशन फंड; सी. बीमा कंपनियां; डी. राष्ट्रिक धन निधियां (SWF) ; ई. भारत में अंतर-राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्रों में स्थित वित्तीय संस्थाएं। viii. भारतीय बैंकों[2] की समुद्रपारीय शाखाएं/सहायक कंपनियां।	समुद्रपारीय शाखाओं/ सहायक कंपनियों के लिए।	सहायक कंपनियों के लिए। 2.एनबीएफसीज़-एमएफआईज़, अन्य पात्र एमएफआईज़, लाभ न लेने वाली कंपनियों और एनजीओज़ के लिए नहीं, ईसीबी ओवरसीज़ संगठनों[3] एवं व्यक्तियों[4] से भी प्राप्त की जा सकती है।

नोट्स:

2. *भारतीय बैंकों, उनकी ओवरसीज़ शाखाओं/सहायक कंपनियों द्वारा सहभागिता रिज़र्व बैंक के बैंककारी विनियमन विभाग द्वारा जारी विवेकपूर्ण मानदण्डों के अधीन होगी।*
3. *ईसीबी उधार देने का प्रस्ताव करने वाले ओवरसीज़ संगठन को उधारकर्ता के प्राधिकृत व्यापारी बैंक को किसी ओवरसीज़ बैंक से 'समुचित सावधानी' के संबंध में प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेंगे जो मेज़बान देश के विनियामक के विनियमों के अधीन हो और ऐसा मेजबान देश धनशोधन निवारण(एएमएल)/आतंकवाद के वित्तपोषण के प्रतिरोध(CFT) के संबंध में वित्तीय कार्रवाई कार्यदल (FATF) द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन करता हो। 'समुचित सावधानी' प्रमाणपत्र में अग्रलिखित बातों का समावेश होना चाहिए: (i) कि*

उधारदाता, बैंक के साथ न्यूनतम दो वर्षों से खाता रखे हुए है, (ii) कि उधारदाता एंटिटी का गठन स्थानीय कानूनों के अनुसार हुआ है एवं कारोबारी/स्थानीय समुदाय में उसका खासा सम्मान है, और (iii) उसके विरुद्ध कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है।

4. *व्यक्ति उधारदाता को समुचित सावधानी संबंधी प्रमाणपत्र ओवरसीज़ बैंक से प्राप्त करना है जिसमें यह उल्लेख हो कि (व्यक्ति) उधारदाता उस बैंक के साथ न्यूनतम दो सालों से खाता रखे/बनाए हुए है। अन्य साक्ष्य/दस्तावेज़ जैसे लेखापरीक्षित लेखा विवरण एवं आयकर विवरणी, जो व्यक्ति उधारदाता प्रस्तुत करे, को ओवरसीज़ बैंक द्वारा प्रमाणित कर अग्रसारित करना है। वित्तीय कार्रवाई कार्यदल (FATF) द्वारा एएमएल/सीएफटी के संबंध में जारी दिशानिर्देशों का जो देश पालन नहीं करते हैं, ऐसे देशों के व्यक्ति उधारदाता ईसीबी देने के लिए पात्र नहीं हैं।*

4. **समग्र लागत**(AIC)

तीनों ट्रैक्स के लिए समग्र लागत संबंधी अपेक्षाएं नीचे दी गई हैं:

ट्रैक (Track) I	**ट्रैक (Track) II**	**ट्रैक (Track) III**
i. स्प्रेड-ओवर बेंच मार्क के जरिए समग्र लागत की उच्चतम सीमा निम्नवत विनिर्दिष्ट की गई है: ए. 3 से 5 वर्ष की औसत परिपक्वता अवधि वाली ईसीबी के लिए - 6 माह की LIBOR दर अथवा संबंधित मुद्रा (करेंसी) के लिए लागू बेंचमार्क दर से 300 आधार बिन्दु अधिक तक प्रति वर्ष। बी. 5 वर्ष से अधिक की औसत परिपक्वता अवधि वाली ईसीबी के लिए - 6 माह की LIBOR दर अथवा संबंधित मुद्रा(करेंसी) के लिए लागू बेंचमार्क दर से 450 आधार बिन्दु अधिक तक प्रति वर्ष। ii. प्रसंविदा में, यदि कोई, चूक अथवा शर्त भंग हो तो दण्डात्मक ब्याज दर, संविदागत ब्याज दर से 2 प्रतिशत से ज्यादा नहीं होगी।	i. अधिकतम स्प्रेड-ओवर बेंच मार्क से, 500 आधार बिन्दु अधिक तक प्रति वर्ष । ii. शेष शर्तें ट्रैक-I में दिए अनुसार ।	समग्र लागत बाजार दशा के अनुसार ।

5. अनुमत अंतिम उपयोग

तीनों ट्रैक्स के अंतर्गत लिए जाने वाले ईसीबी हेतु अंतिम उपयोग का निर्धारण निम्न तालिका में किया गया है:

ट्रैक (Track) I	ट्रैक (Track) II	ट्रैक (Track) III
1. ईसीबी आगम राशि का उपयोग निम्न रूप में पूंजी व्यय के लिए किया जा सकता है: i. पूंजी (कैपिटल) माल के आयात हेतु जिसमें सेवाओं, तकनीकी जानकारी का आयात एवं लाइसेंस फीस का भुगतान शामिल है बशर्ते वे पूंजी (कैपिटल) माल के अंश के रूप में हों; ii. पूंजी (कैपिटल) माल को स्थानीय स्रोत से हासिल करने; iii. नई परियोजना; iv. मौजूदा यूनिटों के आधुनिकीकरण / विस्तार; v. संयुक्त उद्यम(JV)/ पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों (WOS) में समुद्रपारीय प्रत्यक्ष निवेश (ODI); vi. भारत सरकार के किसी विनिवेश कार्यक्रम के तहत किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (PSU) के विनिवेश के किसी चरण में शेयरों का अर्जन;	1. ईसीबी आगम राशि का उपयोग निम्नलिखित को छोड़कर शेष सभी प्रयोजनों के लिए किया जा सकता है: i.रियल इस्टेट गतिविधियों ii.कैपिटल मार्केट में निवेश iii.घरेलू ईक्विटी में निवेश के लिए उपयोग हेतु iv.उल्लिखित किसी भी उद्देश्य/प्रयोजन के लिए अन्य एंटिटीज़ को आगे उधार देने हेतु v.भूमि की खरीद हेतु 2. होल्डिंग कंपनियां अपनी इंफ्रास्ट्रक्चर एसपीवी (SPV) को ऋण देने के लिए भी ईसीबी का उपयोग कर सकती है।	एनबीएफसी ईसीबी आगम राशि का उपयोग निम्नलिखित कार्यों के लिए कर सकती हैं: ए. इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र को आगे उधार देने के लिए; बी.कैपिटल गुड्स/ इक्विपमेंट्स अर्जित करने के लिए घरेलू एंटिटीज़ को दृष्टिबंधित ऋण (hypothecated loans) उपलब्ध कराने के लिए; और सी. घरेलू एंटिटीज़ को कैपिटल गुड्स/इक्विपमेंट्स लीज़ एवं पट्टे पर देने के लिए। 2. एसईज़ेड/एनएमआईज़ेड के विकासकर्ता केवल एसईज़ेड/एनएमआईज़ेड में इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ईसीबी ले सकते हैं। 3. एनबीएफसी-एमएफआई, अन्य पात्र एमएफआई, एनजीओ एवं कंपनी अधिनियम, 1956/2013 के अंतर्गत लाभ न लेने वाली कंपनी के रूप में पंजीकृत कंपनी/यां स्वयं सहायता समूहों(SHG) अथवा माइक्रो क्रेडिट अथवा सदाशयी

vii. पूंजी (कैपिटल) माल के आयात हेतु लिए गए किसी मौज़ूदा ट्रेड क्रेडिट के पुनर्वित्तपोषण हेतु; viii. पहले ही पोतलदान किए गए/आयातित पूंजी (कैपिटल) माल जिसका भुगतान नहीं हुआ है, उसके भुगतान के लिए ; ix. मौज़ूदा ईसीबी के पुनर्वित्तपोषण हेतु बशर्ते अवशिष्ट परिपक्वता अवधि न घटायी गई हो। 2. सिडबी केवल माइक्रो, लघु एवं मध्यम इंटरप्राइजेस (MSME Sector) जो, समय-समय पर यथा संशोधित, एमएसएमई विकास अधिनियम, 2006 में परिभाषित है, के ऊधारकर्ताओं को उधार देने के प्रयोजन हेतु ईसीबी ले सकता है। 3. एसईजेड की यूनिटें केवल अपनी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए ईसीबी ले सकती हैं। 4. शिपिंग एवं एयरलाइन कंपनियां अपने लिए क्रमश: जहाजों एवं एयरक्राफ्टों के आयात के लिए ही ईसीबी ले सकती हैं। 5. ईसीबी आगम राशि का उपयोग कार्पोरेट अपने समान्य प्रयोजनों (कार्यशील पूंजी सहित) के लिए		(bonafide) माइक्रो फाइनेंस गतिविधियों, जिनमें क्षमता निर्माण (Capacity building) शामिल है, हेतु आगे उधार देने के लिए ईसीबी ले सकते हैं। 4. इस ट्रैक के अंतर्गत पात्र अन्य एंटिटीज़ के लिए ईसीबी आगम राशि निम्नलिखित को छोड़कर अन्य सभी प्रयोजनों के लिए उपयोग की जा सकती है: i. रियल इस्टेट गतिविधियों ii. कैपिटल मार्केट में निवेश हेतु iii. घरेलू तौर पर ईक्विटी निवेश में उपयोग हेतु iv. उल्लिखित किसी भी उद्देश्य/प्रयोजन के लिए अन्य एंटिटीज़ को उधार देने के लिए v. भूमि की खरीद हेतु

इस्तेमाल कर सकते हैं बशर्ते ईसीबी प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष ईक्विटी होल्डर अथवा ग्रुप कंपनी से न्यूनतम 5 वर्षों के लिए ली जाए। 6. निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए ईसीबी प्रस्तावों पर अनुमोदन मार्ग के अंतर्गत विचार किया जाएगा: i. विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के दिशानिदेर्शों के अनुसार पुराने (second hand) माल के आयात हेतु; ii. निर्यात-आयात बैंक(EXIM) द्वारा आगे उधार देने (on lending) के लिए ।		

6. एकल सीमाएं (individual limits)

i. सभी तीनों ट्रैकों के अंतर्गत प्रति वित्तीय वर्ष स्वचालित मार्ग के अंतर्गत पात्र एंटिटीज़ द्वारा ली जा सकने वाली ईसीबी की एकल सीमाएं (individual limits) निम्नवत निर्धारित की गई हैं:

ए. इंफ्रास्ट्रक्चर और विनिर्माण (manufacturing) क्षेत्र की कंपनियों के लिए 750 मिलियन अमरीकी डालर अथवा उसके समतुल्य तक;

बी. साफ्टवेयर विकास के क्षेत्र की कंपनियों के लिए 200 मिलियन अमरीकी डालर अथवा उसके समतुल्य तक;

सी. माइक्रो फाइनेंस गतिविधियों में संलग्न एंटिटीज़ के लिए 100 मिलियन अमरीकी डालर अथवा उसके समतुल्य तक; और

डी. शेष एंटिटीज़ के लिए 500 मिलियन अमरीकी डालर अथवा उसके समतुल्य तक।

ii. उल्लिखित सीमाओं से अधिक के ईसीबी प्रस्तावों पर अनुमोदन मार्ग के अंतर्गत विचार किया जाएगा। ट्रैक-III के अंतर्गत एकल सीमा की निर्धारण के लिए करार की तारीख को प्रचलित (prevailing) विनिमय दर आकलन हेतु इस्तेमाल की जाएगी।

iii. ये सीमाएं ओवरसीज़ में रुपए में मूल्य वर्गीकृत बांडों के निर्गम संबंधी फ्रेमवर्क में निर्धारित सीमाओं से भिन्न/अलग हैं।

7. करेंसी जिसमें उधार लिया जा सकेगा

i. ईसीबी किसी मुक्त रूप से परिवर्तनीय करेंसी एवं भारतीय रुपए में ली जा सकेगी।

ii. रुपए में मूल्यवर्गीकृत ईसीबी के मामले में, विदेशी ईक्विटी धारक से भिन्न अनिवासी उधारदाता भारत में किसी प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I के मार्फत स्वाप/एकमुश्त खरीद के जरिए भारतीय रुपए जुटा सकता है।

iii. ईसीबी करेंसी, एक परिवर्तनीय विदेशी करेंसी से किसी अन्य विदेशी करेंसी में और भारतीय रुपए में मुक्त रूप से परिवर्तित करने की अनुमति है। हालांकि, भारतीय रुपए को किसी अन्य विदेशी करेंसी में परिवर्तित करने की अनुमति नहीं है।

iv. ईसीबी करेंसी ऐसे परिवर्तन के लिए संबंधित पक्षों के बीच हुए करार की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर अथवा यदि ईसीबी उधारदाता सहमत हो तो करार की तारीख को प्रचलित विनिमय दर से कम दर पर भारतीय रुपए में परिवर्तित की जा सकती है।

8. हेजिंग अपेक्षाएं

ट्रैक-I एवं ट्रैक-II के उपबंधों के तहत ईसीबी लेने वाली एंटिटीज़ से अपेक्षित है कि वे संबंधित क्षेत्र के (विनियामक) अथवा विवेकपूर्ण विनियामक द्वारा, यदि कोई दिशानिर्देश जारी किए गए हों, का अनुसरण करें।

9. ईसीबी लेने के लिए सिक्युरिटी

i. प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंकों को यह अनुमति दी गई है कि वे उधारकर्ता द्वारा ईसीबी लेने/ली गई ईसीबी के लिए ओवरसीज़ उधारदाता/प्रतिभूति ट्रस्टी के पक्ष में अचल परिसंपत्ति, चल परिसंपत्ति, वित्तीय प्रतिभूतियों पर प्रभार सृजित करने और कार्पोरेट एवं / अथवा व्यक्तिगत गारंटी जारी कर की अनुमति प्रदान कर सकते हैं, बशर्ते वे निम्नलिखित के संबंध में स्वयं संतुष्ट हों:

ए. अंतर्लयित ईसीबी मौजूदा ईसीबी दिशानिर्देशों के अनुपालन में है,

बी. ऋण करार में इस आशय का उपबंध मौजूद हो कि ओवरसीज़ उधारदाता/प्रतिभूति ट्रस्टी के पक्ष में अचल परिसंपत्ति, चल परिसंपत्ति, वित्तीय प्रतिभूतियों पर प्रभार सृजित करना और कार्पोरेट एवं / अथवा व्यक्तिगत गारंटी जारी करना अपेक्षित है, और

सी. भारत में मौजूदा उधारदाताओं से, यथा लागू, अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त किया गया हो।

ii. एक बार उल्लिखित शर्तें पूरी होने पर, प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक ईसीबी की अवधि के दौरान अचल परिसंपत्ति, चल परिसंपत्ति, वित्तीय प्रतिभूतियों पर प्रभार सृजित करने और कार्पोरेट एवं /

अथवा व्यक्तिगत गारंटी जो ईसीबी की अवधि के साथ समाप्त होती हो, जारी करने की मंजूरी दे सकते हैं जो निम्नलिखित शर्तों के तहत होगा:

ए. अचल परिसंपत्तियों पर प्रभार का सृजन

(i) ऐसी सिक्युरिटी विदेशी मुद्रा प्रबंध (भारत में अचल संपत्ति का अर्जन और अंतरण) विनियमावली, 2000 में अंतर्विष्ट उपबंधों के अंतर्गत होगी।

(ii) इस अनुमति को ओवरसीज उधारदाता/प्रतिभूति ट्रस्टी द्वारा भारत में अचल परिसंपत्ति (संपत्ति) के अर्जन की मंजूरी के रूप में नहीं समझा जाना चाहिए।

(iii) प्रभार के लागू होने/आह्वान पर अचल परिसंपत्ति/संपत्ति केवल भारत में निवासी किसी को बेची जा सकेगी और उससे प्राप्त राशि बकाया ईसीबी की अदायगी के लिए प्रत्यावर्तित की जा सकेगी।

बी. चल परिसंपत्तियों पर प्रभार का सृजन

प्रभार के लागू होने/आह्वान पर, उधारदाता का दावा चाहे उधारदाता चल परिसंपत्ति को अधिकार में ले अथवा नहीं, ईसीबी की बकाया के दावे तक ही सीमित होगी। भारग्रस्त चल परिसंपत्ति घरेलू उधारदाताओं, यदि कोई हों, द्वारा अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने के अधीन देश से बाहर भी ले जायी जा सकती है।

सी. वित्तीय प्रतिभूतियों(सिक्युरिटीज़) पर प्रभार का सृजन

(i) प्रवर्तकों द्वारा उधारकर्ता कंपनी के साथ ही साथ उधारकर्ता कंपनी की घरेलू सहयोगी कंपनियों के धारित शेयर गिरवी रखने की अनुमति है। अन्य वित्तीय प्रतिभूतियों यथा बांडों एवं डिबेंचरों, सरकारी प्रतिभूतियों, सरकारी बचत प्रमाणपत्रों, सिक्युरिटीज़ की जमा-रसीदें और भारतीय यूनिट ट्रस्ट अथवा किसी म्युचुअल फंड की यूनिटें जो ईसीबी उधारकर्ता/ प्रवर्तकों के नाम में हों, को भी गिरवी रखने की अनुमति है।

(ii) इसके अलावा, सभी वर्तमान और भावी ऋण परिसंपत्तियों पर सिक्युरिटी इन्टरेस्ट (security interest) एवं नकदी तथा नकदी समतुल्य परिसंपत्तियों सहित सभी मौजूदा परिसंपत्तियां, जिनमें भारत में ए.डी. बैंक के पास उधारकर्ता के रुपया खाते शामिल हैं, जो उधारकर्ता/प्रवर्तक के नाम में हैं, उन्हें ईसीबी लेने हेतु सिक्युरिटी के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। उधारकर्ता/प्रवर्तक के खाते, एस्क्रो व्यवस्था अथवा ऋण सर्विस रिज़र्व खाते के रूप में भी हो सकते हैं।

(iii) यदि गिरवी का आह्वान किया जाता है, तो वित्तीय प्रतिभूतियों का अंतरण सेक्टोरल कैप एवं कीमत निर्धारण संबंधी यथा लागू उपबंधों सहित मौजूदा एफडीआई/एफआईआई नीति के साथ पठित विदेशी मुद्रा प्रबंध (भारत से बाहर के निवासी किसी व्यक्ति द्वारा प्रतिभूति का अंतरण अथवा निर्गम) विनियमावली, 2000 के अनुसार होगा।

डी. कार्पोरेट अथवा व्यक्तिगत गारंटी जारी करना

(i) ऐसी कार्पोरेट गारंटी जारी करने वाली कंपनी के निदेशक बोर्ड द्वारा इस आशय के पारित संकल्प की प्रतिलिपि प्राप्त की जानी चाहिए जिसमें उस प्राधिकृत अधिकारी के नाम का उल्लेख हो जो कंपनी की ओर से अथवा व्यक्तिगत क्षमता में उसे निष्पादित करेगा/करेगी।

(ii) ईसीबी के ब्योरे देते हुए व्यक्तिगत गारंटी जारी करने के लिए व्यक्ति/व्यक्तियों से विशेष अनुरोध प्राप्त होने चाहिए।

(iii) ऐसी जमानत (सिक्युरिटी) विदेशी मुद्रा प्रबंध (गारंटी) विनियमावली, 2000 में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुरूप होगी।

(iv) ईसीबी का ऋण उच्चीकरण/गारंटी/विदेशी पार्टी/पार्टियों द्वारा इंश्योर्ड किया जा सकता है यदि वह/वे मौज़ूदा ईसीबी दिशानिर्देशों के अंतर्गत पात्र उधारदाता मानदण्डों को पूरा करता हो/पूरा करते हों।

10. भारतीय बैंकों और वित्तीय संस्थाओं द्वारा गारंटियां, आदि जारी करना

भारतीय बैंकों, अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं और एनबीएफसीज़ द्वारा ईसीबी के बाबत गारंटियां, आपाती साखपत्र, वचनपत्र अथवा चुकौती आश्वासनपत्र जारी करने की अनुमति नहीं है। इसके अलावा वित्तीय मध्यस्थ संस्थाएं (अर्थात भारतीय बैंक, अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाएं, अथवा एनबीएफसीज़) किसी भी प्रकार से विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांडों (FCCBs) में निवेश नहीं करेंगे/करेंगी।

11. कर्ज ईक्विटी अनुपात (Debt equity ratio)

उधारकर्ता एंटिटीज़ संबंधित सेक्टोरल अथवा प्रूडेंशियल विनियामक, यदि कोई हो, द्वारा विनिर्दिष्ट लिवरेज (leveragtte) अनुपात से विनियमित होंगी।

12. ईसबी देयता: ईक्विटी अनुपात[5]

प्रत्यक्ष ईक्विटी होल्डर से स्वचालित मार्ग के अंतर्गत ईसीबी लेने के मामले में, उधारकर्ता की विदेशी ईक्विटी होल्डर के प्रति देयता (समस्त बकाया ईसीबी एवं नई ईसीबी सहित) उसके (विदेशी ईक्विटी होल्डर) ईक्विटी अंशदान के चार गुने से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुमोदन मार्ग के अंतर्गत ली गई ईसीबी के लिए, यह अनुपात 7:1 से अधिक नहीं होना चाहिए। किसी एंटिटी द्वारा ली गई समस्त ईसीबी का योग 5 मिलियन अमरीकी डालर अथवा उसके समतुल्य तक होने के मामले में यह अनुपात लागू नहीं होगा।

नोट्स

[5] ईसीबी देयता के प्रयोजन हेतु ईक्विटी अनुपात: ईसीबी देयता की तुलना में ईक्विटी के अनुपात हेतु विदेशी ईक्विटी होल्डर द्वारा धारित ईक्विटी की गणना के प्रयोजनार्थ (कंपनी के) अंतिम लेखापरीक्षित तुलनपत्र के अनुसार उसकी प्रदत्त पूंजी, फ्री रिज़र्व्स (विदेशी मुद्रा में प्राप्त शेयर प्रीमियम सहित) को शामिल किया जाएगा। जहां उधारकर्ता कंपनी में एक से अधिक विदेशी

ईक्विटी होल्डर हों, वहां संबंधित उधारदाताओं द्वारा विदेशी मुद्रा में लाया गया शेयर प्रीमियम ही इस अनुपात की गणना के लिए शामिल किया जाएगा।

13. ईसीबी आगम राशि की पार्किंग

i. ईसीबी आगम राशि जो विदेशी मुद्रा में व्यय किए जाने के लिए हो, उपयोग होने तक विदेश में रखी जा सकती है। उनके उपयोग होने तक, उन्हें अग्रलिखित चल परिसंपत्तियों (ए) स्टैंडर्ड ऐंड पुअर द्वारा AA(-)/फिच द्वारा IBCA अथवा मूडीज़ की Aa3 से अन्यून रेटिंग प्राप्त बैंकों में जमा अथवा जमा प्रमाणपत्र अथवा प्रस्तावति किसी अन्य उत्पाद में; (बी) उल्लिखित न्यूनतम रेटिंग वाले एक वर्ष तक के खजाना बिलों (ट्रेज़री बिल्स) एवं अन्य मौद्रिक लिखतों में; (सी) विदेश में भारतीय बैंकों की समुद्रपारीय शाखाओं/सहायक कंपनियों (subsidiaries) में जमा के रूप में रखा जा सकता है।

ii. रुपया व्यय के लिए ली गई ईसीबी की आगम राशि भारत में किसी प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I के पास रखे अपने रुपया खाते में जमा करने के लिए तत्काल भारत में प्रत्यावर्तित की जानी चाहिए। ईसीबी उधारकर्ताओं को यह अनुमति है कि वे भारत में किसी प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक के पास ईसीबी आगम राशि को अधिकतम 12 माह के लिए मीयादी जमा के रूप में भी रख सकते हैं। इन जमाराशियों को अभारग्रस्त रूप में रखा जाना चाहिए।

14. ईसीबी का ईक्विटी में परिवर्तन

i. निम्नलिखित शर्तों के अंतर्गत ईसीबी का ईक्विटी में परिवर्तन अनुमत है:

ए. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नीति के अनुसार विदेशी ईक्विटी में भागीदारी के लिए उधारकर्ता कंपनी की गतिविधि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश योजना के अंतर्गत स्वचालित मार्ग अथवा विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड के अनुमोदन, जहां कहीं लागू हो, के तहत आती हो;

बी. कर्ज के ऐसी ईक्विटी में परिवर्तन के पश्चात विदेशी ईक्विटी होल्डिंग लागू सेक्टोरल कैप के अंदर रहनी चाहिए/रहे;

सी. शेयरों के लिए लागू कीमत निर्धारण संबंधी दिशानिर्देशों का अनुपालन होना चाहिए।

ii. ईसीबी देयता को ईक्विटी में परिवर्तित करने के लिए, ऐसे परिवर्तन के समय संबंधित पार्टियों के बीच हुए करार की तारीख को प्रचलित विनिमय दर को अमल में लाना समीचीन (उचित) होगा। भारतीय रिज़र्व बैंक को कोई आपत्ति नहीं होगी, यदि उधारकर्ता कंपनी ईसीबी उधारदाता के साथ हुए पारस्परिक करार के अंतर्गत उपर्युक्तानुसार आकलित से कम रुपए के लिए ईक्विटी शेयर जारी करना चाहती है। यह नोट किया जाए कि जारी किए जाने वाले ईक्विटी शेयर/रों का उचित मूल्य उनके परिवर्तन की तारीख के संदर्भानुसार किए गए आकलन के अनुसार होगा।

डी. ईसीबी लेने की प्रक्रिया

15. स्वचालित मार्ग के अंतर्गत ईसीबी लेने की इच्छुक एंटिटीज़ विधिवत भरे हुए फार्म 83 (अनुबंध I) सहित अपने प्रस्ताव के साथ प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक से संपर्क करें। जबकि

एतदर्थ अनुपालन करने की प्राथमिक जिम्मेदारी उधारकर्ता की होगी, वहीं प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक भी यह सुनिश्चत करेगा कि ईसीबी लागू दिशानिर्देशों के अनुपालन में हो। अनुमोदन मार्ग के अंतर्गत ईसीबी लेने इच्छुक उधारकर्ता फार्म ईसीबी (अनुबंध II) के रूप में विनिर्दिष्ट फार्मेट में अपना आवेदन जांच के लिए अपने प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक के मार्फत भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रेषित करेगा/करेंगे। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा एतदर्थ गठित अधिकार प्राप्त समिति समग्र दिशानिर्देशों, मैक्रो-इकोनोमिक परिस्थितियों एवं प्रस्ताव के गुणों को ध्यान में रखते हुए ऐसे ओवदनपत्रों पर विचार करेगी। अधिकार प्राप्त समिति में बाहरी के साथ-साथ आंतरिक सदस्य होंगे।

ई. रिपोर्टिंग व्यवस्था

16. ईसबी लेने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक से ऋण पंजीकरण संख्या (LRN) प्राप्त करने के बाद ही किसी ईसीबी से ड्रा-डाउन के साथ ही साथ किसी फीस/प्रभारों का भुगतान किया जाना चाहिए। ऋण पंजीकरण संख्या (LRN) प्राप्त करने के लिए, उधारकताओं को विधिवत प्रमाणित फार्म 83 (अनुबंध-I) को दो प्रतियों में नामित प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक को प्रस्तुत करना चाहिए। उसके बाद प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक उसकी एक प्रति निदेशक, भुगतान संतुलन सांख्यिकी प्रभाग, सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, बांद्रा-कुर्ला संकुल, मुंबई-400051 को अग्रसारित करेगा। ईसीबी लेने के लिए ऋण करार की प्रतियां रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है। इसके अलावा, उधारकर्ताओं से अपेक्षित है कि वे विधिवत प्रमाणित ईसीबी-2 (अनुबंध III) प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक के माध्यम से मासिक आधार पर इस प्रकार प्रस्तुत करें ताकि वह संबंधित माह की समाप्ति के एक सप्ताह के भीतर सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग को प्राप्त हो जाए।

17. ईसीबी के अंशत: अथवा पूर्णतः ईक्विटी में परिवर्तन के मामले में, रिज़र्व बैंक को निम्नवत रिपोर्टिंग की जाएगी:

i. अंशत: परिवर्तन के मामले में, परिवर्तित अंश प्रत्यक्ष विदेशी निवेश फ्लो को रिपोर्ट करने से संबंधित फार्म FC-GPR में भारतीय रिज़र्व बैंक के विदेशी मुद्रा विभाग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को रिपोर्ट किया जाएगा, जबकि सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग को मासिक रिपोर्टिंग विवरणी ईसीबी-2 (अनुबंध III) में की जाएगी जिसमें "ईसीबी अंशत: ईक्विटी में परिवर्तित" की उचित टिप्पणी अंकित की जानी चाहिए।

ii. पूर्ण परिवर्तन के लिए, संपूर्ण अंश को फार्म FC-GPR में रिपोर्ट किया जाएगा, जबकि सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग को ईसीबी-2 विवरणी में रिपोर्ट करते समय (उसमें) "ईसीबी पूर्णत: ईक्विटी में परिवर्तित" टिप्पणी दर्ज की जाएगी। उसके बाद ईसीबी-2 विवरणी फाइल करने की आवश्यकता नहीं होगी।

iii. फेज़ेस में ईसीबी को ईक्विटी में परिवर्तित करने के लिए ईसीबी-2 विवरणी में उसे फेज़ेस में ही रिपोर्ट करना होगा।

एफ. ईसीबी मामलों पर कार्रवाई करने लिए प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंकों को अधिकारों का प्रत्यायोजन

18. नामित प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक उधारकर्ताओं से प्राप्त ईसीबी के निम्नलिखित मामलों में अनुमोदन प्रदान कर सकते हैं।

i. आहरण द्वारा कमी (ड्रा-डाउन)/चुकौती अनुसूची में परिवर्तन/संशोधन

नामित प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक ईसीबी के ड्रा-डाउन और ईसीबी की चुकौती अनुसूची/यों में (कितनी भी बार) परिवर्तनों/संशोधनों के बाबत किए गए अनुरोधों को अनुमोदन प्रदान कर सकते हैं, चाहे वे औसत परिपक्वता अवधि अथवा समस्त लागत में परिवर्तन (कमी/बढ़ोत्तरी) से संबंधित हों अथवा नहीं।

ii. उधार लेने की करेंसी में परिवर्तन

नामित प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक विनिर्दिष्ट अन्य पैरामीटरों के अंतर्गत बाह्य वाणिज्यिक उधार लेने की करेंसी को किसी अन्य मुक्त रूप से परिवर्तनीय करेंसी अथवा भारतीय रुपये में परिवर्तित करने/लेने की अनुमति प्रदान कर सकते हैं।

iii. प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक में परिवर्तन

मौजूदा प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त कर, उधारकर्ता अपने प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक को बदल सकता है।

iv. उधारकर्ता कंपनी के नाम में परिवर्तन

कंपनी रजिस्ट्रार/उचित प्राधिकारी द्वारा कंपनी के नाम में परिवर्तन किये जाने के संबंध में दिए गए दस्तावेजी साक्ष्य/यों को प्रस्तुत करके किसी कंपनी द्वारा अपने नाम में परिवर्तन करने हेतु किए गए अनुरोध पर प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक द्वारा एतदर्थ अनुमति प्रदान की जा सकती है।

v. बाह्य वाणिज्यिक उधार का अंतरण

किसी एक कंपनी से किसी अन्य कंपनी को बाह्य वाणिज्यिक उधार के अंतरण के मामलों में प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक द्वारा अनुमति प्रदान की जा सकती है जहां लागू विधियों / नियमों को पूरा करने पर उधारकर्ता कंपनी के स्तर पर विलयन / अलग-अलग होने / समामेलन / अर्जन के कारण ऐसा किए जाने के लिए बाह्य वाणिज्यिक उधार अर्जक कंपनी पात्र उधारकर्ता हो।

vi. मान्यताप्राप्त उधारदाता में परिवर्तन

नामित प्राधिकृत व्यापारी बाह्य वाणिज्यिक उधारकर्ता द्वारा अनुरोध किए जाने पर मान्यताप्राप्त उधारदाता में परिवर्तन की अनुमति प्रदान कर सकते हैं, बशर्ते (ए) मूल उधारदाता के साथ ही साथ

नया उधारदाता मौजूदा बाह्य वाणिज्यिक उधार दिशानिर्देशों के अनुसार मान्यताप्राप्त उधारदाता हो और (बी) बाह्य वाणिज्यिक उधार की अन्य शर्तों में कोई परिवर्तन न हो। यदि ऐसा न हो तो संबन्धित मामले को विदेशी मुद्रा विभाग, केंद्रीय कार्यालय, भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई को संदर्भित किया जाए।

vii. उधारदाता के नाम में परिवर्तन

प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक बाह्य वाणिज्यिक उधारदाता के नाम में परिवर्तन की अनुमति प्रदान कर सकते हैं बशर्ते वे लेनदेन की सदाशयता और बाह्य वाणिज्यिक उधार लागू दिशानिर्देशों के अनुपालन में बने रहने के संबंध में स्वयं संतुष्ट हों।

viii. बाह्य वाणिज्यिक उधार का पूर्व भुगतान

इन दिशानिर्देशों के अंतर्गत संविदागत ऋण के संबंध में लागू न्यूनतम औसत परिपक्वता अवधि के विनिर्देशन के अनुपालन के अधीन प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक बाह्य वाणिज्यिक उधार के पूर्व भुगतान की अनुमति प्रदान कर सकते हैं ।

ix. ऋण पंजीकरण संख्या (LRN) का निरस्तीकरण

संविदागत बाह्य वाणिज्यिक उधार लेने के लिए जारी ऋण पंजीकरण संख्या के निरस्तीकरण के लिए नामित प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग/भारतीय रिज़र्व बैंक से संपर्क कर सकते हैं, बशर्ते यह सुनिश्चित कर लिया गया हो कि उक्त ऋण पंजीकरण संख्या के तहत आहरण से कोई कमी (ड्रॉ-डाउन) न हुई हो और मासिक ईसीबी - 2 विवरणी (अनुबंध-III) आबंटित ऋण पंजीकरण संख्या के संबंध में तद्दिनांक तक सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग को प्रस्तुत की गई हो।

x. बाह्य वाणिज्यिक उधार की आगम राशि के अंतिम उपयोग में परिवर्तन

स्वचालित मार्ग के अंतर्गत लिए गए बाह्य वाणिज्यिक उधार के अंतिम उपयोग में परिवर्तन के लिए ईसीबी उधारकर्ता से प्राप्त अनुरोध को नामित प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक अनुमति प्रदान कर सकते हैं बशर्ते प्रस्तावित अंतिम उपयोग मौजूदा बाह्य वाणिज्यिक उधार दिशानिर्देशों[6] के अनुसार स्वचालित मार्ग के अंतर्गत अनुमत हों।

नोट:

6. अनुमोदन मार्ग के अंतर्गत लिए गए बाह्य वाणिज्यिक उधार के अंतिम उपयोग में किए जाने वाले परिवर्तन विदेशी मुद्रा विभाग, केंद्रीय कार्यालय, भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई को संदर्भित होते रहेंगे।

xi. बाह्य वाणिज्यिक उधार राशि में कमी

नामित प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक लागू ईसीबी दिशानिर्देशों के तहत ईसीबी ड्रॉ डाउन और अदायगी अनुसूची, औसत परिपक्वता अवधि तथा समग्र लागत में परिवर्तन सहित अथवा परिवर्तन के बिना (कितनी भी बार) ईसीबी की राशि में कमी के लिए अनुमोदन प्रदान कर सकता है/सकते हैं।

xii. बाह्य वाणिज्यिक उधार की समग्र लागत में परिवर्तन

तद्दिनांक को स्वचालित मार्ग के अंतर्गत बाह्य वाणिज्यिक उधार लेने संबंधी लागू मानदंडों के अंतर्गत ईसीबी उधारकर्ता द्वारा ईसीबी की समग्र लागत में परिवर्तन (कमी/वृद्धि) हेतु (अनुरोधों के अवसरों पर विचार किए बिना) अनुरोध किए जाने पर नामित प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक एतदर्थ अनुमति प्रदान कर सकते हैं।

xiii मौजूदा बाह्य वाणिज्यिक उधार का पुनर्वित्तपोषण

नामित प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक मौजूदा बाह्य वाणिज्यिक उधार के पुनर्वित्तपोषण की अनुमति नए बाह्य वाणिज्यिक उधार द्वारा करने की अनुमति प्रदान कर सकते हैं बशर्ते ऐसे उधार की अवशिष्ट परिपक्वता अवधि पिछले उधार की तुलना में कम न होती हो और नए बाह्य वाणिज्यिक उधार की समग्र लागत मौजूदा बाह्य वाणिज्यिक उधार से कम हो। मौजूदा बाह्य वाणिज्यिक उधार के किसी अंश के पुनर्वित्तपोषण के लिए नया ईसीबी लेने की अनुमति इन्हीं शर्तों पर प्रदान की जा सकती है।

19. प्रत्यायोजित शक्तियों के अंतर्गत परिवर्तनों के लिए अनुमति प्रदान करते समय प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक निम्नलिखित बातों को सुनिश्चित करें :

i. संशोधित औसत परिपक्वता अवधि और/अथवा समग्र लागत लागू उच्चतम सीमा/दिशानिर्देशों के अनुसार होनी चाहिए और ये परिवर्तन ईसीबी कि अवधि में किए जाने चाहिए तथा ईसीबी लागू दिशानिर्देशों के अनुपालन में सतत रूप से रहनी चाहिए।

ii. प्रत्यायोजित शक्तियों के अंतर्गत प्राधिकृत व्यापारी द्वारा ईसीबी की शर्तों में परिवर्तनों को दी गई अनुमति और/अथवा रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदित परिवर्तन ऐसे परिवर्तन की तारीख से 7 दिनों के भीतर अथवा उससे पूर्व संशोधित फॉर्म 83 के जरिए सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग/भारतीय रिज़र्व बैंक को रिपोर्ट किए जाने चाहिए। संशोधित फॉर्म 83 (अनुबंध-I) को सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग/भारतीय रिज़र्व बैंक को रिपोर्ट करते समय परिवर्तनों का विशेष रूप से उल्लेख सूचना-पत्रादि में किया जाना चाहिए। इसके अलावा इन परिवर्तनों को ईसीबी-2 विवरणी में उचित रूप में प्रदर्शित करना चाहिए।

जी. जांच के अधीन एंटिटी'ज़ द्वारा उधार

